The

# ACHIEVERS IAS ACADEMY

LANGUAGE -HINDI

# DAILY CURRENT AFFAIR

**09 – 06 – 2023**

**FRIDAY**



## 1 डीआरडीओ ने अग्नि प्राइम बैलिस्टिक मिसाइल का पहला प्री-इंडक्शन नाइट परीक्षण सफलतापूर्वक किया



नई पीढ़ी की बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि प्राइम' का पहला प्री इंडक्शन नाइट लॉन्च (उड़ान परीक्षण) को ओडिशा के तट से सफलतापूर्वक किया गया. रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) ने ओडिशा के तट के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण किया. मिसाइल के उड़ान परीक्षण के दौरान सभी उद्देश्यों का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया गया. यह मिसाइल के तीन सफल विकास परीक्षणों के बाद यूजर्स की ओर से आयोजित पहला प्री-इंडक्शन नाइट लॉन्च था, कि रडार, टेलीमेट्री और इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम जैसे रेंज इंस्ट्रूमेंटेशन को विभिन्न स्थानों पर तैनात किया गया था, जिसमें दो डाउन-रेंज जहाज शामिल थे, ताकि वाहन के पूरे ट्रेजेक्टरी (प्रक्षेप पथ) को कवर करने वाले उड़ान डेटा को कैप्चर किया जा सके. कि डीआरडीओ और सामरिक बल कमान के वरिष्ठ अधिकारियों ने सफल उड़ान परीक्षण को देखा. इस परीक्षण ने सशस्त्र बलों में प्रणाली को शामिल करने का मार्ग प्रशस्त किया है. रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ और सशस्त्र बलों को नई पीढ़ी की बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि प्राइम' की सफलता के साथ-साथ कॉपी-बुक प्रदर्शन के लिए बधाई दी है.

## 2. उत्तर प्रदेश सरकार ने 'नंद बाबा दुग्ध मिशन' किया प्रारंभ



उत्तर प्रदेश सरकार दुग्ध उत्पादन के मामले में प्रदेश को नंबर वन बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है. आने वाले पांच सालों में राज्य को नंद बाबा दुग्ध मिशन के जरिए 1000 करोड़ की लागत से दुग्ध उत्पादन में अग्रणी राज्य बनाया जाएगा. दुग्ध सहकारी समितियां गांव में ही दुग्ध उत्पादकों को दूध का उचित रेट उपलब्ध कराएंगी. पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि यूपी सरकार दुग्ध विकास डिपार्टमेंट के जरिए गौ-संवर्धन को बढ़ावा दे रही है. उन्होंने आगे कहा कि राज्य की इकोनॉमी को प्रोत्साहन देने और किसानों को फायदा पहुंचाने के लिए दुग्ध विकास विभाग काम कर रहा है. दुग्ध उत्पादन से किसानों को अतिरिक्त आय भी होती है और राज्य में दूध की पूर्ति भी होती है. कि इस साल राज्य के पांच जिलों में पांच डेयरी किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) बनाए जाने की योजना है. यह डेयरी एफपीओ के गठन के बाद दुग्ध उत्पादकों को गांव में दुध बेचने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी.

## 3. दक्षिण कोरिया में एशियाई U20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 में भारत पदक तालिका में रहा तीसरे स्थान पर



भारत के सुनील कुमार ने दक्षिण कोरिया के येचियोन में एशियाई अंडर 20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों के डेकाथलन में 7003 अंक बनाए और स्वर्ण पदक जीता। सुनील के शानदार प्रदर्शन के अलावा पूजा ने महिलाओं की ऊंची कूद में 1.82 मीटर कूद के साथ रजत पदक जीता जबकि बुशरा खान ने महिलाओं की 3000 मीटर दौड़ में रजत पदक हासिल किया। महिलाओं की चार गुणा 100 मीटर रिले में भारत ने 45.36 सेकेंड के समय के साथ कांस्य पदक हासिल किया। सिद्धार्थ चौधरी ने पुरुषों की गोला फेंक स्पर्धा में 19.52 मीटर के थ्रो से स्वर्ण पदक जीता जबकि शिवम लोहाकरे ने भाला फेंक में 72.34 मीटर के थ्रो से रजत पदक जीता। शारुक खान ने पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा में आठ मिनट 51.74 सेकेंड का समय निकालकर भारत की पदक तालिका में एक और रजत पदक जीता। भारत कुल 12 पदकों के साथ कुल रैंकिंग में तीसरे स्थान पर है जिसमें स्वर्ण, रजत और कांस्य के तीन-तीन पदक शामिल हैं। जापान 10 स्वर्ण और कुल 17 पदकों के साथ तालिका में शीर्ष पर है जबकि चीन 14 पदकों के साथ दूसरे स्थान पर है।

### 4. BSNL के लिए रिवाइवल पैकेज भारत की दूरसंचार में एक नई उम्मीद




केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 89,047 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ BSNL के लिए तीसरे रिवाइवल पैकेज को मंजूरी दे दी है। इस रिवाइवल पैकेज के साथ BSNL की अधिकृत पूंजी 1,50,000 करोड़ रुपये से बढ़कर 2,10,000 करोड़ रुपये हो जाएगी। BSNL भारत के सबसे दूरस्थ हिस्सों को जोड़ता है और कई सरकारी सुविधाओं को शक्ति प्रदान करता है। अगर निजी कंपनियां लड़खड़ाती हैं, तो BSNL सरकार के लिए एकमात्र विकल्प है। इसके अलावा बीएसएनएल सरकार के ग्रामीण ब्रॉडबैंड एजेंडे को आगे बढ़ाने में महत्वपूरण भूमिका निभाता है। केन्द्र ने BSNL के लिए 89,047 करोड़ रुपये के तीसरे पुनरुद्धार पैकेज को मंजूरी दी। जो भारत के दूरदराज के हिस्सों में कनेक्टिविटी प्रदान करने पर केंद्रित है। पैकेज का उपयोग BSNL की 4G और 5G सेवाओं को बढ़ाने के लिए किया जाएगा। सरकार ने 2019 में बीएसएनएल/एमटीएनएल के लिए पहले रिवाइवल पैकेज को मंजूरी दी थी, जो 69,000 करोड़ रुपये की राशि थी और बीएसएनएल/एमटीएनएल में स्थिरता लाई थी।महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (MTNL) भारत संचार निगम लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है।

### 5. मंत्री जितिन प्रसाद ने अजय टू योगी आदित्यनाथ का किया लोकार्पण



उत्तराखंड के एक छोटे से पहाड़ी गांव से निकल कर देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री तक का सफर तय करने वाले योगी आदित्यनाथ पर अब एक किताब आई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 51वें जन्मदिन पर 'अजय टु योगी आदित्यनाथ' किताब का विमोचन किया गया। योगी आदित्यनाथ के जीवन पर आधारित यह ग्राफिक पुस्तक है। पीडब्लूडी मंत्री जितिन प्रसाद और विधायक राजेश्वर सिंह ने इस किताब का विमोचन किया। इस किताब को शांतनु गुप्ता ने लिखा है, जिसमें योगी के बचपन से लेकर मुख्यमंत्री बनने तक की यात्रा को दर्शाया गया है। इस किताब को बच्चों और युवाओं के लिए प्रेरणादायी कहा गया है। सीएम योगी की जीवन यात्रा पर लिखी गई पुस्तक का विमोचन करने के बाद जितिन प्रसाद ने कहा कि योगी आदित्यनाथ का जीवन हर एक व्यक्ति के लिए प्रेरणा देने वाला है। खासकर बच्चे उनके जीवन से बहुत कुछ सीख सकते हैं। राजेश्वर ने कहा कि मुख्यमंत्री

बनने के बाद योगी ने जो काम किए, उससे प्रदेश की छवि बदली है। पुस्तक का 20 जिलों के 51 स्कूलों में 6,000 बच्चों की उपस्थिति में विमोचन किया गया।

### 6. Tata Group को मिला देश के सबसे वैल्यूएबल ब्रांड का खिताब




भारत के सबसे पुराने कारोबारी समूह टाटा ग्रुप को हाल में ही देश का सबसे वैल्युएबल ब्रांड होने का खिताब मिला है. Tata Group 26.4 अरब डॉलर की ब्रांड वैल्यू के साथ देश के कारोबारी समूह में सबसे ऊपर है. टाटा ग्रुप पहला इंडियन ब्रांड है जिसने $25 अरब के मार्क को पछाड़कर अपनी ब्रांड वैल्यू बनाई है. भारत के सभी टॉप वैल्यूएबल ब्रांड ने पिछले कुछ दिनों में अच्छी खासी तरक्की की है और उनकी कुल वैल्यू 2 ट्रिलियन डॉलर पर पहुंच गई है. कोरोना संकट के बाद कारोबारी स्थितियों में बदलाव और भू राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच भारत के टॉप 100 वैल्युएबल ब्रांड ने शानदार तरक्की देखी है. उनकी कुल वैल्यू 2 ट्रिलियन डॉलर के करीब पहुंच गई है. पिछले 2-3 सालों में टाटा ग्रुप के कामकाज में कई राजनीतिक बदलाव हुए हैं. Tata Group का डिजिटल मीडियम पर फोकस बढ़ा है और अपने डायवर्स पोर्टफोलियो में इसने तकनीक का व्यापक उपयोग करने की योजना बनाई है. इसके साथ ही कम्युनिटी वेलफेयर और सस्टेनेबिलिटी के मामले में टाटा ग्रुप की रैंकिंग हमेशा बेहतर रही है.

### 7. भारत में इस्पात उद्योग: वृद्धि, नीतियां, और विश्व रैंकिंग में उच्च स्थान



केन्द्रीय इस्पात और नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य एम सिंधिया ने कहा है कि भारत 2014-15 से 2022-23 तक कच्चे इस्पात के चौथे सबसे बड़े उत्पादक से कच्चे इस्पात के दूसरे सबसे बड़े उत्पादक के रूप में उभरा है। भारत ने 2014-15 में 88.98 मिलियन टन (मीट्रिक टन) से कच्चे इस्पात के उत्पादन में 42% की वृद्धि दर्ज की है, जो 2022-23 में 126.26 मिलियन टन हो गया है। देश में इस्पात उद्योग की वृद्धि और विकास को बढ़ावा देने के लिए 2017 में भारत सरकार द्वारा तैयार की गई राष्ट्रीय इस्पात नीति में 2030-31 तक 300 एमटीपीए (मिलियन टन प्रति वर्ष) की कुल कच्चे इस्पात की क्षमता और 255 एमटीपीए की कुल कच्चे इस्पात की मांग/उत्पादन प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वर्ष 2030-31 तक सेल की कच्चे इस्पात के उत्पादन की परिचालन क्षमता को मौजूदा 195.1 लाख टन सालाना से बढ़ाकर लगभग 35.65 एमटीपीए करने की भी परिकल्पना की गई है। पीएलआई (उत्पादक लिंक्ड प्रोत्साहन) योजना के तहत, सरकार ने इस्पात क्षेत्र को एक नई गति देने के लिए 6322 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं।

### 8. जर्मनी में आयोजित हो रहा है एयर डिफेंडर 2023: नाटो के महामुकाबले का आगाज



जर्मनी नाटो के इतिहास में सबसे बड़े हवाई तैनाती अभ्यास की मेजबानी करने की तैयारी कर रहा है, जो रूस जैसे सहयोगियों और संभावित प्रतिद्वंद्वियों को प्रभावित करने के उद्देश्य से शक्ति प्रदर्शन है। अगले सप्ताह से शुरू होने वाले एयर डिफेंडर 23 अभ्यास में 25 देशों के 10,000 प्रतिभागी और 250 विमान नाटो सदस्य देश पर नकली हमले का जवाब देंगे। संयुक्त राज्य अमेरिका अकेले प्रशिक्षण युद्धाभ्यास में भाग लेने के लिए 2,000 अमेरिकी एयर नेशनल गार्ड कर्मियों और लगभग 100 विमानों को भेज रहा है। कि वायु सेना के इस बड़े अभ्यास का असर यूरोप में नागरिक एयरलाइनों का इस्तेमाल करने वाले लोगों पर पड़ेगा। जबकि अभ्यास की योजना कई वर्षों से बनाई गई थी, फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूस के आक्रमण ने नाटो को अपने क्षेत्र पर हमले की संभावना के लिए गंभीरता से तैयार करने में झटका दिया है। यह अभ्यास यूक्रेन पर आक्रमण के बाद रूस द्वारा उत्पन्न खतरे के जवाब में आयोजित किया जा रहा है। अभ्यास को अपने हवाई क्षेत्र के लिए किसी भी खतरे का जवाब देने के लिए नाटो की तत्परता का प्रदर्शन करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

**QUIZ**

**1. किस राज्य सरकार ने प्रदूषण के स्तर को कम करने के लिए एयर प्यूरिफायर वाली बसें लॉन्च की हैं?**

**(a) उत्तर प्रदेश**
**(b) बिहार**
**(c) राजस्थान**
**(d) पश्चिम बंगाल**

**EXPLANATION -: पश्चिम बंगाल सरकार ने कोलकाता शहर में प्रदूषण के स्तर को कम करने के लिए एयर प्यूरिफायर वाली बसें लॉन्च की है. पश्चिम बंगाल प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (WBPCB) ने बस रूफ माउंटेड एयर प्यूरीफिकेशन सिस्टम (BRMAPS) के साथ इसे लांच किया है. यह भारत में अपनी तरह का पहला सिस्टम है जिसे 'सुधा वायु' नाम दिया गया है. ऐसी 20 बसें लॉन्च की गयी है. यह IIT दिल्ली के वैज्ञानिकों के सहयोग से एक पायलट प्रोजेक्ट का एक हिस्सा है.**

**2. विश्व महासागर दिवस प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है?**

**(a) 06 जून**
**(b) 07 जून**
**(c) 08 जून**
**(d) 09 जून**

**EXPLANATION -: महासागरों के महत्व और समुद्री संसाधनों के संरक्षण के महत्व के बारे में लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए हर साल 8 जून को विश्व महासागर दिवस मनाया जाता है. साल 2008 से इस दिवस के मनाने की शुरुआत हुई थी. ओशंस इंस्टिट्यूट ऑफ कनाडा और कनाडा के इंटरनेशनल सेंटर फॉर डेवलपमेंट ने इस दिवस को मनाने का प्रस्ताव रखा गया था. साल 2023 के विश्व महासागर दिवस का थीम "प्लैनेट ओशन: द टाइड्स आर चेंजिंग" है.**

**3. किसे पश्चिम बंगाल के राज्य चुनाव आयुक्त (SEC) के रूप में नियुक्त किया गया है?**

**(a) अजय सिंह**
**(b) राजीव सिन्हा**
**(c) सचिन अरोड़ा**
**(d) सुशील कुमार**

**EXPLANATION -: पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्य सचिव राजीव सिन्हा को राज्य चुनाव आयुक्त (SEC) नियुक्त किया गया है. पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने उनकी नियुक्ति को मंजूरी दे दी है. राज्य सरकार ने उनके नाम का प्रस्ताव दिया था. सिन्हा ने सितंबर 2019 से सितंबर 2020 तक राज्य के मुख्य सचिव के रूप में कार्य किया है. बंगाल में इस साल होने वाले पंचायत चुनाव राजीव सिन्हा की देखरेख में कराये जायेंगे.**

**4. बिम्सटेक एनर्जी सेंटर किस देश में स्थापित किया जायेगा?**

**(a) भारत**
**(b) भूटान**
**(c) थाईलैंड**
**(d) बांग्लादेश**

**EXPLANATION -:** बिम्सटेक ऊर्जा सहयोग के लिए, भारत में इस वर्ष के अंत तक बिम्सटेक एनर्जी सेंटर की स्थापना की जाएगी. यह सेंटर बिम्सटेक ऊर्जा सहयोग के सचिवालय के रूप में कार्य करेगा. ढाका में बिम्सटेक के महासचिव तेनज़िन लेकफेल ने इस बात की घोषणा की. बिम्सटेक, सात दक्षिण एशियाई और दक्षिण पूर्व एशियाई देशों का एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है.

**5. भारत ने ओडिशा तट से किस मिसाइल का सफल परीक्षण किया?**

(a) अग्नि प्राइम
(b) अग्नि 5
(c) अग्नि 4
(d) ब्रम्होस

**EXPLANATION -:** नई पीढ़ी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि प्राइम का रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) द्वारा सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया. मिसाइल का परीक्षण ओडिशा के तट से डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से किया गया. डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ समीर वी कामत ने परीक्षण लॉन्च में शामिल डीआरडीओ के वैज्ञानिकों को बधाई दी है. अग्नि प्राइम 1,000 और 2,000 किमी के रेंज क्षमता की एक उन्नत संस्करण की मिसाइल है.

**6. डब्ल्यूटीसी फाइनल में शतक जड़ने वाले पहले बल्लेबाज कौन बने है?**

(a) उस्मान ख्वाजा
(b) ट्रैविस हेड
(c) रोहित शर्मा
(d) स्टीव स्मिथ

**EXPLANATION -:** ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज़ ट्रैविस हेड डब्ल्यूटीसी फाइनल में शतक जड़ने वाले पहले क्रिकेटर बन गए हैं. हेड ने भारत के डब्ल्यूटीसी 2023 फाइनल के पहले दिन 106 गेंदों का सामना कर अपना शतक पूरा किया. इससे पहले डब्ल्यूटीसी फाइनल का सबसे बड़ा स्कोर न्यूज़ीलैंड के डेवन कॉनवे के नाम था जिन्होंने डब्ल्यूटीसी 2021 फाइनल में भारत के खिलाफ 54 (153) रनों की पारी खेली थी.

**7. किस राज्य सरकार ने नंद बाबा दुग्ध मिशन योजना शुरू की है?**

(a) मध्य प्रदेश
(b) उत्तर प्रदेश
(c) छत्तीसगढ़
(d) राजस्थान

**EXPLANATION -:** उत्तर प्रदेश को दुग्ध विकास और दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने के लिए राज्य सरकार ने 6 जून को 1,000 करोड़ रुपये की लागत से नंद बाबा दुग्ध मिशन योजना शुरू की है। यह मिशन दुग्ध उत्पादकों को डेयरी सहकारी समितियों के माध्यम से गांवों में उचित मूल्य पर अपना दूध बेचने की सुविधा प्रदान करने के लिए लागू किया गया है।

**8. किसे भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण का नया महानिदेशक नियुक्त किया गया है?**

(a) जनार्दन प्रसाद
(b) अशोक शर्मा
(c) कपिल गांगुली
(d) विपिन कुमार

**EXPLANATION -:** जनार्दन प्रसाद को भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (GSI) का नया महानिदेशक नियुक्त किया गया है। प्रसाद ने 174 साल पुरानी संस्था की कमान संभाली है, उन्होंने डॉ. एस राजू का स्थान लिया है जो 2020 से महानिदेशक हैं। प्रसाद पटना विश्वविद्यालय से भूविज्ञान में स्नातकोत्तर हैं और 1988 में भूविज्ञानी के रूप में जीएसआई, गांधीनगर में शामिल हुए।

**ONE LINER**

हाल ही में किसे भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण का नया महानिदेशक नियुक्त किया गया है – जनार्दन प्रसाद।

गीतांजलि अय्यर का हाल ही में निधन हुआ है, इनका सम्बन्ध किस क्षेत्र से था – एंकर

हाल ही में नालंदा पुस्तक का विमोचन हुआ है, इसे किसने लिखा है – अभय के.

हाल ही में DRDO द्वारा अग्नि प्राइम बैलेस्टिक मिसाइल का सफल परिक्षण कहां किया गया – ओडिसा।

हाल ही में कौन सा देश क्रूड स्टील का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक बन गया है– भारत।

हाल ही में स्वास्तिक और अन्य नाजी प्रतीकों पर प्रतिबन्ध लगाने की योजना बनाई है – ऑस्ट्रेलिया।

हाल ही में ISA (इंटरनेशनल सोलर अलाइंस) की स्थायी समिति की 8वीं बैठक कहां पर आयोजित हुई है – नई दिल्ली।

हाल ही में राजीव सिन्हा को किस राज्य का चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया है – पश्चिम बंगाल।

हाल ही में जारी खाद्य सुरक्षा सूचकांक कौन शीर्ष पर रहा है – केरल।

भारत के सबसे वैलुएबल ब्रांड का ख़िताब मिला है– टाटा ग्रुप।

THE ACHIEVERS IAS ACADEMY